मूल्य 1 रु.
वर्ष: 10 - अंक : 3, मुंबई, सोमवार, 24 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं मोदी सरकार

### मुसलमान जिगर का टुकड़ा: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि मुसलमान जिगर का टुकड़ा है। भारतीय जनता पार्टी(बीजेपी) सांप्रदायिक राजनीति में विश्वसास नहीं रखती है। सांप्रदायिक राजनीति का सवाल ही पैदा ही नहीं होता। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की विचारधारा पर बोलते हुए करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मुसलमान जिगर का टुकड़ा है और सांप्रदायिक राजनीति का सवाल ही पैदा नहीं होता। रक्षा मंत्री ने शनिवार को एक इंटरव्यू में इस बात का खंडन किया कि मोदी सरकार धार्मिक तौर पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## अलीगढ़ में प्रदर्शन के दौरान हिंसा

### इंटरनेट बंद, दिल्ली के जाफराबाद के पास मौजपुर में दो गुटों के बीच पथराव

**डीएम ने कहा- एएमयू की कुछ लड़कियों ने प्रदर्शन के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, उनकी पहचान की जा रही है**

**संवाददाता**

**अलीगढ़।** नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ जारी प्रदर्शन के दौरान रविवार को अलीगढ़ में दो जगह ऊपरकोट, शाहजमाल और देहलीगेट इलाके में उपद्रव हुआ। सबसे पहले देहलीगेट में प्रदर्शनकारियों की भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने धार्मिक स्थल के पास पत्थरबाजी की। मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**



### फोर्स के साथ मौजूद डीएम-एसपी

देहलीगेट, शाहजमाल और ऊपरकोट थाना क्षेत्र की सभी दुकानों को बंद कर दिया गया है। हालांकि, अधिकारियों के काफी समझाने के बाद भी तनाव कम नहीं हो रहा है। एसएसपी, डीएम, आरएएफ फोर्स के साथ ऊपरकोट कोतवाली पर मौजूद हैं।

### सीएए के विरोधियों और समर्थकों के बीच पथराव हुआ

दिल्ली के जाफराबाद में मौजपुर के पास भाजपा नेता कपिल मिश्रा और उनके समर्थक सीएए के समर्थन में हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। इसी दौरान सीएए के विरोधियों और समर्थकों के बीच पथराव शुरू हो गया। शनिवार देर रात शाहीनबाग की तर्ज पर सीएए के खिलाफ जाफराबाद मेट्रो स्टेशन पर महिलाओं ने प्रदर्शन शुरू किया था। रविवार दोपहर चांदबाग में भी ऐसा ही प्रदर्शन शुरू हुआ।

### सीएए के समर्थन में महिलाएं, कहा- हम भी प्रदर्शन करेंगे

प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि जब तक केंद्र सरकार सीएए को वापस नहीं लेती है, तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, मौजपुर में पथराव के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं ने सीएए के समर्थन में धरना शुरू कर दिया, जो कि कुछ देर बाद खत्म भी हो गया। महिलाओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि जाफराबाद-शाहीनबाग से अगले तीन दिन में सड़कें खाली नहीं कराई गईं तो हम फिर प्रदर्शन शुरू करेंगे।

## अघाड़ी में खटपट



**मुंबई।** दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) का एक बार फिर समर्थन किया था। अब इस मीटिंग के एक दिन बाद ही राज्य की महा विकास अघाड़ी (गठबंधन) सरकार में खींचतान शुरू हो गई है। शिवसेना के नए सहयोगी कांग्रेस और एनसीपी ने उस पर अपना रुख बदलने के लिए दबाव बढ़ा दिया है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

### मेरे हाथ में नहीं है ठाकरे सरकार का रिमोट: पवार

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने एक बार फिर दावा किया है कि महाविकास आघाडी सरकार 5 साल का कार्यकाल पूरा करेगी। इस सरकार का नेतृत्व जिसके हाथ में है, वह सभी को साथ लेकर चल रहे हैं और वह दूसरे के काम में हस्तक्षेप नहीं करते। पवार ने कहा कि राज्य की महाविकास आघाडी का रिमोट कंट्रोल उनके हाथ में नहीं है। राकांपा प्रमुख ने कहा कि शिवसेना से हमारा कभी भी संपर्क नहीं रहा, लेकिन बाला साहेब ठाकरे के साथ मित्र के रूप में खूब संपर्क रहा। उन्होंने कोई बात कही, तो उसे पूरा किया। कांग्रेस के निर्णय दिल्ली में होते हैं, लेकिन कांग्रेस ने निर्णय लेने के तरीके को बदला है और कांग्रेस की भूमिका सहयोग करने और सरकार बचाए रखने की है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### इकबाल मिर्ची मामला: वधावन को मिली जमानत

**मुंबई।** गैंगस्टर इकबाल मिर्ची से संबंधित मनी लाड्रिंग मामले में शुक्रवार को विशेष अदालत ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डीएचएफएल) के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक कपिल वधावन को जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वधावन को पीएमएलए एक्ट के तहत 27 जनवरी को गिरफ्तार किया था। वधावन ने इस महीने की शुरूआत में विशेष पीएमएलए अदालत के न्यायाधीश पी राजवैद्य के समक्ष दायर याचिका में दावा किया था कि उनका मिर्ची की संपत्तियों के लेने देन से कोई संबंध नहीं है। वधावन के वकील अमित देसाई ने दलील दी कि डीएचएफएल के जिस लेन-देन का हवाला देते हुए ईडी ने वधावन को गिरफ्तार किया है, उसका मिर्ची के साथ हुए सौदों से कोई लेना-देना नहीं है। ईडी के अनुसार, वधावन ने मिर्ची के साथ अवैध सौदे के लिए बड़ी राशि के मनी लाड्रिंग में अहम भूमिका निभाई थी। मिर्ची की 2013 में लंदन में मौत हो गई थी। सुनवाई के दौरान ईडी ने विभिन्न आधारों पर वधावन की जमानत का विरोध किया और कहा कि वधावन जांच को प्रभावित कर सकते हैं।

### देहुरोड में शराब के नशे में बेटे ने की पिता की हत्या

**मुंबई।** मुंबई अपराध शाखा ने कर्ज दिलाने का वादा कर एक व्यक्ति से 20 लाख रुपये ठगने के आरोप में एक फिल्म निमार्ता को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।ग्यारहवीं यूनिट के वरिष्ठ निरीक्षक चीमाजी आधव ने बताया कि निमार्ता-निर्देशक अजय यादव (54) को दिल्ली के व्यापारी संजय लांबा की शिकायत के आधार पर बृहस्पतिवार को अंधेरी से गिरफ्तार किया गया। उन्हेंने बताया, लांबा ने 15 फरवरी को शिकायत दर्ज कराई थी कि एक वित्त फर्म का संचालन करने वाले यादव ने 200 करोड़ रुपये का कर्ज दिलाने का वादा कर उनसे 20 लाख रुपये लिए थे। पैसे लेने के बाद यादव ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। उन्होंने बताया, हमारी जांच में पता चला है कि यादव ने आठ से नौ लोगों से 1.25 करोड़ रुपये की ठगी की है। हमने उसके पास से 11 लाख रुपये बरामद किये है। उसे 25 फरवरी तक पुलिस हिरासत में लिया गया है।

### फसल बीमा योजना बंद करना चाहती है सरकार



**मुंबई।** 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 'व' मौसम आधारित फसल बीमा योजना' में किसानों पर बीमा राशि का भार बढ़ाने का कांग्रेस ने विरोध किया है। कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि आखिर यह रकम किसान कहा से लाएगा। उनकी मांग है कि दोनों सफल बीमा योजना में किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाले जाएं।


शुक्रवार को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता डॉ.सुधीर ढोणे ने बताया कि फसल बीमा योजना में किसानों को दो प्रतिशत राशि देता था जबकि 50 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और बकाया रकम राज्य सरकार देती थी। अब केंद्र की मोदी सरकार ने निर्णय लिया है कि वह अब केंद्र बीमा प्रीमियम राशि के 50 प्रतिशत की बजाय केवल 25 प्रतिशत ही देंगी, यानी सीधे-सीधे सौ प्रतिशत कटौती की जा रही है। मतलब जिस किसान को दो प्रतिशत प्रीमियम जमा करता था अब उसे 27 प्रतिशत भरना पड़ेगा। इससे किसान बीमा की रकम नहीं भर पाएगा।

# अब 12वीं में कोई विद्यार्थी नहीं होगा फेल! कौशल विकास के लिए होंगे पात्र

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में बैठने वाले दसवीं के परीक्षार्थियों के बाद अब बारहवीं के परीक्षार्थियों को लेकर बड़ा निर्णय लिया गया है। अब बारहवीं के मार्कशीट पर फेल शब्द नहीं लिखा जाएगा। इस संबंध में राज्य सरकार ने सर्कुलर जारी किया है।

नियमों के तहत जो विद्यार्थी पास नहीं होंगे, वे कौशल विकास से संबंधित कोर्स के लिए पात्र होंगे। साथ ही, वे पूरक परीक्षा भी दे सकते हैं। बोर्ड ने यह निर्णय विद्यार्थियों को होने वाली मानसिक पीड़ा को देखते हुए लिया है।

बता दें कि महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की बारहवीं की



परीक्षाएं चल रही हैं। इस दौरान बोर्ड ने नकल रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं, इसके बावजूद राज्यभर में दो दिनों में 135 नकलची पकड़े गए हैं। सभी 9 विभागों में नकल करने के मामले में लातूर विभाग के परीक्षार्थी शामिल हैं। लातूर विभाग में 34 नकलची पकड़े गए हैं, जबकि मुंबई और कोकण विभाग में नकल करने का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

बोर्ड के मुताबिक, राज्य में नकल को रोकने के लिए बड़ी संख्या में उड़नदस्ते नियुक्ति हैं। बोर्ड नकल रहित परीक्षा के आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध है।

अब तक पुणे विभाग में 22, नागपुर में 20, औरंगाबाद में 15, कोल्हापुर में 4, अमरावती में 10, नासिक में 30, लातूर में 34 नकल के मामले सामने आए हैं।

## शिक्षा को लेकर महाराष्ट्र- दिल्ली में होगा टाइअप



**मुंबई।** राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए महाविकास आघाडी की सरकार की कवायद तेज हो गई है। शुक्रवार को राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री उदय सामंत ने दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सामंत ने कहा कि दिल्ली की शिक्षा पैटर्न को लेकर सिसोदिया से जानकारी ली। शिक्षा को लेकर दिल्ली और महाराष्ट्र के बीच टाइअप किया जाएगा। इसके लिए सिसोदिया को दो दिन के मुंबई दौरे के लिए न्योता दिया है।

सामंत ने कहा,'हम चाहते हैं कि शिक्षा को लेकर महाराष्ट्र में जो खूबियां हैं, वह दिल्ली में लागू की जाए और दिल्ली में जो अच्छा है उसे महाराष्ट्र में शुरू किया जाए। इससे देश के विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ाई करने के लिए जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।' उन्होंने कहा कि वे जल्दी ही स्कूली शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड से दिल्ली पैटर्न को लेकर बात करेंगे और उनसे भी दिल्ली पैटर्न को जानने के लिए कहेंगे। दिल्ली पैटर्न के अध्ययन को लेकर राज्य की एक टीम जल्द ही दौरा करेगी।

## दवा मामला: डीन की भी हो सकती है जांच

**मुंबई।** सरकारी अस्पतालों में निर्धारित मात्रा से अधिक दवा खरीदने के मामले में डीन की भी जांच हो सकती है। डायरेक्ट्रेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन ऐंड रिसर्च (डीएमईआर) से मिली जानकारी के अनुसार, फिलहाल उन अस्पतालों की ऑडिटिंग चल रही है, जो निर्धारित मात्रा से अधिक दवा लोकल स्तर पर खरीदे हैं। सरकारी अस्पताल में दवा सप्लाई करने वाले ठेकेदार पिछले 10 दिन से सप्लाई बंद करके रखे हैं।

## वर्ल्ड वाइल्डरनेस कांग्रेस में भाग लेगी बीएमसी

**मुंबई।** जयपुर में होने वाले 11वें वर्ल्ड वाइल्डरनेस कांग्रेस में बीएमसी भाग लेगी। बीएमसी 5200 वर्गफीट में एक प्रदर्शनी लगाएगी, जो मुंबई के समृद्ध वन्यजीवन और जैव-विविधता पर केंद्रित होगी। फिर इस प्रदर्शनी को भायखला चिड़ियाघर में लगाया जाएगा, जिससे मुंबई की जैव-विविधता देखने का सबको मौका मिल सके। बता दें कि मुंबई संभवतः विश्व का एकमात्र शहर है, जहां पशु शहर की सीमा यानी संजय गांधी नैशनल पार्क में खुले में




घूमते हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में 19 से 26 मार्च के बीच होगा। वाइल्ड-11 के महासचिव डॉ.परविश पंड्या ने कहा कि मुंबई में संजय गांधी नैशनल पार्क, मुंबई के मैंग्रोव्स खुले वन्य क्षेत्र ऐसी संरचनाएं हैं, जो मुंबई के फ्लाइओवर्स और सड़कों की तरह महत्वपूर्ण हैं। वाइल्ड-11 का नेतृत्व भारत करता है, लेकिन यह विश्व पर केंद्रित सम्मेलन है, जो विलुप्ति और जलवायु संकट के आपातकाल पर जवाब ढूंढता है।

## शिवसेना के राज में मुंबई के गार्डन बेहाल

**मुंबई।** महानगर में गार्डन और बाग-बगीचों के पैरोकार आदित्य ठाकरे के पर्यावरण और पर्यटन मंत्री बनने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। मुंबई में गार्डन की स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। मुंबई में बीएमसी द्वारा संचालित गार्डन की स्थिति काफी खराब है। एक तिहाई गार्डन के रख-रखाव और देखभाल के लिए 8 महीने पहले ठेका खत्म हो जाने के बावजूद बीएमसी अभी तक नया ठेकेदार नहीं ढूंढ पाई है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुंबई के गार्डन की हालत क्या होगी। बता दें कि बीएमसी के पास एक हजार से ज्यादा खुले मैदान हैं। इनमें से 23 गार्डन को 24 घंटे खुले रखने का आदेश है।

बीएमसी में पिछले 25 सालों से शिवसेना की सत्ता है। युवा सेना अध्यक्ष रहते हुए आदित्य ठाकरे महानगर में गार्डन और खेल मैदानों को लेकर काफी संजीदा रहे हैं। वह हमेशा से बेहतर गार्डन के लिए बीएमसी को प्रोत्साहित करते रहे हैं। अब आदित्य राज्य के पर्यटन मंत्री हैं इसके बावजूद महानगर में गार्डन की स्थिति काफी खराब है। बीएमसी के 24 विभागों में से 21 विभागों में गार्डन और खेल मैदानों के रख रखाव के लिए ठेकेदार की नियुक्ति की जानी थी। जिसमें शहर के लिए 5.90 करोड़, पूर्वी उपनगर के लिए 13.37 करोड़ और पश्चिमी उपनगर के लिए 24.62 करोड़ रुपये यानी कुल 46.18 करोड़ रुपये खर्च किया जाना था। कुछ ठेकेदार 28 प्रतिशत कम दर पर काम करने को तैयार थे, वहीं कुछ अन्य ठेकेदारों ने 40 प्रतिशत कम दर पर टेंडर था। बीजेपी के साथ शिवसेना नगरसेवकों ने सवाल उठाया कि इतनी कम दर पर ठेकेदार अच्छा कार्य कैसे कर सकता है। इसलिए स्थायी समिति ने प्रस्ताव को वापस कर दिया।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# दिल्ली के बाद अब मुंबई पर 'आप' की नजर, अकेले दम पर लड़ेगी चुनाव

**मुंबई।** देश की मालामाल मुंबई महानगरपालिका पर कब्जा जमाने की तैयारी आम आदमी पार्टी की तैयारी है। दिल्ली की तर्ज पर बीएमसी में भी अपने जीत का झंडा बुलंद करने के लिए केजरीवाल की आप तैयार है। पार्टी चुनाव में किसी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। दिल्ली विधानसभा में मिली जीत से आम आदमी पार्टी (आप) के हौसले बुलंद है।

पार्टी अब महाराष्ट्र, मुंबई सहित अपने देशव्यापी विस्तार पर ध्यान देगी। शुक्रवार को आप के नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने काम किया है और काम के दम पर मजबूती से सरकार में वापसी हुई है। मुंबई व महाराष्ट्र के बारे में पूछने पर सिंह ने कहा कि पार्टी मुंबई सहित राज्य के



अन्य महानगरपालिका में मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने साफ कहा कि मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में पार्टी किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी, अपने दम पर अकेले ही चुनाव लड़ेगी। मुंबई व महाराष्ट्र में पार्टी को मजबूत करने पर काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसके नतीजे दिखाई देंगे।

आप के नेता संजय सिंह ने कहा कि पार्टी अब हड़बड़ी में काम नहीं करेगी और जल्दबाजी में कोई निर्णय भी नहीं लेंगी। साल 2014 के लोकसभा चुनाव का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि उस वक्त हम लोगों ने बहुत जल्दबाजी की थी। पार्टी ने 430 सीटों पर उम्मीदवार उतारे, जिसमें 409 सीटों पर हमारी पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के अलावा देश के अन्य राज्यों में संगठन मजबूत करने पर पार्टी ध्यान देंगी। उन्होंने कहा कि देश के सामने आज आप एक विकल्प बनकर बन सकती है, यह देश की जनता को तय करना है। सिंह ने कहा कि पार्टी ने राष्ट्र निर्माण में आप से जुड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके जरिए 5 दिनों में 13 लाख लोग सदस्य बनेंगे।

आम आदमी पार्टी की तर्ज पर महाराष्ट्र की महाविकास आघाडी भी 100 यूनिट बिजली मुफ्त के बारे में सिंह ने कहा कि इसे दिल्ली सरकार ने कैसे लागू किया है, इस पर अगर ठाकरे सरकार को किसी तरह का सलाह या मार्गदर्शन चाहिए तो आप उनकी मदद करने के लिए तैयार है। सिंह ने कहा कि महाविकास आघाडी सरकार अगर वास्तव में मुफ्त बिजली की योजना लागू करना चाहेगी तो यह संभव है, क्योंकि जितना बड़ा प्रदेश होता है सरकार के पास उतने ही ज्यादा संसाधन होते हैं।

## पायल तडवी केसः हाई कोर्ट ने 3 आरोपियों को नहीं दी पोस्ट-ग्रैजुएशन पूरा करने की इजाजत



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने शुक्रवार को पायल तडवी सूइसाइड केस में आरोपी तीन महिला डॉक्टरों को नायर अस्पताल से पोस्ट-ग्रैजुएशन पूरा करने की इजाजत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस साधना ने कहा कि जाधव हेमा आहूजा, भक्ति मेहर और अंकिता खंडेलवाल ग्रैजुएट्स हैं और ट्रायल के बाद पोस्ट ग्रैजुएशन पूरा कर सकती हैं।

हाई कोर्ट ने स्पेशल कोर्ट को निर्देश भी दिया है कि ट्रायल को 10 महीने के अंदर पूरा किया जाए। कोर्ट ने शुक्रवार को सरकारी वकील राजा ठाकरे और नायर हॉस्पिटल के गाइनकॉलजी डिपार्टमेंट के अध्यक्ष गणेश शिंदे को बताया कि स्टाफ और दूसरे डॉक्टर तीनों डॉक्टरो के वापस आने से सहज नहीं हैं।

ठाकरे ने कहा कि अगर आज उन्हें उसी कॉलेज में वापस जाने दिया गया तो यह सेदश जाएगा कि चाहे आपने कुछ भी किया हो, आपको सिर्फ कुछ महीने के लिए ही सजा झेलनी होगी। आरोपी डॉक्टरों के वकील आबाद पोंडा ने कहा कि तीनों को गाइनकॉलजी डिपार्टमेंट की दूसरी यूनिट में भेज दिया जाए। इस पर ठाकरे ने कहा कि ऐसा संभव नहीं है क्योंकि जो स्टाफ मामले में अहम गवाह हैं, वे सभी यूनिट्स में एक से हैं।

जस्टिस जाधव ने इस बात को माना और कहा कि नायर अस्पताल के परिसर में पोस्ट ग्रैजुएशन पूरा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। हाई कोर्ट ने अगस्त 2019 में जमानत देते वक्त तीन डॉक्टरों को निर्देश दिया कि वे सरकारी नायर हॉस्पिटल में नहीं जा सकतीं जहां घटना हुई थी। ट्रायल पूरा होने तक उनके मेडिकल लाइसेंस भी सस्पेंड कर दिए गए।

जस्टिस जाधव ने शुक्रवार को कहा कि कोर्ट के पास क्षेत्राधिकार नहीं था कि आरोपी डॉक्टरों के लाइसेंस सस्पेंड किए जाते। कोर्ट ने कहा कि महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल ने पहले ही जांच शुरू कर दी और और वही लाइसेंस सस्पेंड करने को लेकर सही फैसला ले सकते थे। बता दें कि नायर अस्पताल में सेकंड-इयर पोस्टग्रैजुएट मेडिकल स्टूडेंट पायल तडवी ने अपने हॉस्टल रूम में 22 मई, 2019 को सूइसाइड कर लिया था। उन्होंने अपने सूइसाइड नोट में तीन सीनियर महिला डॉक्टरों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

## पठान के बयान पर बवाल बढ़ा

**मुंबई।** एआईएमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान अपने भड़काऊ बयान पर बुरी तरह से घिर गए हैं। सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है, तो वहीं लोग सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मुंबई, पुणे, नागपुर, औरंगाबाद सहित अन्य शहरों में वारिस के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। औरंगाबाद में वारिस का पुतला जलाया गया। वहीं, अंधेरी में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुणे में मामला दर्ज किया गया है।

पुणे के डेक्कन पुलिस स्टेशन में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के एक सदस्य ने एआईएमआईएम के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज की है। साथ ही मांग की है कि विवादित बयान देने वाले पठान के खिलाफ जल्द से जल्द एफआईआर दर्ज की जाए। औरंगाबाद में वारिस पठान के



खिलाफ बीजेपी का हल्ला बोल, विरोध प्रदर्शन में जलाया पुतला।

कर्नाटक के कालाबुर्गी में एक रैली को संबोधित करते हुए वारिस पठान ने कहा कि 'देश में हम मुसलमान केवल 15 करोड़ हैं, लेकिन अगर हम सड़क पर उतर आएं तो 100 करोड़ की आबादी पर भारी पड़ेंगे।' आगे कहते है कि, 'ईंट का जवाब पत्थर से देना सीख लिया है हमने, मगर इकट्ठा होकर चलना पड़ेगा, आजादी लेनी पड़ेगी, और जो चीज मांगने से नहीं मिलती उसको छीनकर लेना पड़ेगा। अब वक्त आ गया है, हमको बोला मां बहनों को आगे भेज दिया, अरे भाई अभी तो सिर्फ शेरनियां बाहर निकली हैं और तुम्हारे पसीने छूट गए हैं, अगर हम लोग साथ में आ गए तो क्या होगा।' बयान की चौतरफा आलोचना होने पर पठान ने सफाई दी कि उनके भाषण को गलत तरीके से पेश किया गया। वारिस पठान के विवादित बयान पर असदुद्दीन ओवैसी का एक्शन, मीडिया से बात करने पर लगाई रोक लगा दी गई ।

## अतिक्रमण हटाकर प्रॉजेक्ट आगे बढ़ा रही बीएमसी

**मुंबई।** बीएमसी ने महानगर में विकास कार्यों में बाधा बन रहे अवैध निमार्णों को तोड़ने का अभियान शुरू किया है। बीएमसी ने 18 जनवरी से 18 फरवरी के बीच 1 महीने के भीतर मुंबई में 447 अवैध निमार्णों को ढहाया है। इसके अलावा 50 अवैध निर्माण लोगों ने स्वतः ही हटा दिया। इसके अटके प्रॉजेक्ट पटरी पर आ रहे हैं। दहिसर नदी की चौड़ाई बढ़ाने के लिए 256 अवैध झोपड़ों को हटाया गया, वहीं एलबीएस मार्ग पर लगातार तीसरी बार कार्रवाई करते हुए 45 अवैध निमार्णों को हटाया गया। 'आर उत्तर' विभाग की सहायक आयुक्त संध्या नांदेडकर ने बताया कि 256




अवैध निमार्णों में से 50 को लोगों ने खुद ही हटा लिया, बाकी का काम बीएमसी ने किया। बता दें कि वर्षों से अतिक्रमण एवं भरनी की शिकार दहिसर नदी को चौड़ा करने एवं सुरक्षा दीवार का काम 10 वर्षों से अटका पड़ा था। इस उद्देश्य से बीएमसी ने नदी के किनारे अतिक्रमण करने वाले 95 झोपड़ों को जमींदोज कर दिया था। आर मध्य विभाग के अंतर्गत आने वाली बोरीवली पूर्व क्षेत्र में बहने वाली दहिसर नदी के कारण आसपास के इलाके बरसात में डूब जाते हैं। इस क्षेत्र को बाढ़ जैसी स्थिति से बचाने के लिए बीएमसी ने नदी के किनारे 738 फुट लंबी सुरक्षा दीवार बनाने का काम शुरू किया है, जिसमें से 377 फुट लंबी दीवार का काम पूरा हो चुका है। तोड़क कार्रवाई के बाद इस काम को गति मिलेगी। इसी तरह पूर्वी उपनगर में घाटकोपर और कुर्ला में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई में 140 अतिक्रमण को हटाया गया। पिछले एक सप्ताह के भीतर भांडुप और एलबीएस मार्ग पर कुल 185 अवैध निर्माण हटाए गए।

## मशहूर गायक मीका की मैनेजर ने खुदकुशी की



मुंबई। लोकप्रिय गायक मीका सिंह की मैनेजर ने मुंबई के अंधेरी में नींद की गोलियां खाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।वसोर्वा पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राघवेंद्र ठाकुर ने बताया कि सौम्या खान मीका सिंह के अंधेरी स्थित चार मंजिला बंगले की पहली मंजिल के स्टूडियो में रहती थी। उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए पंजाब में रहने वाले उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि हमें इस मामले में किसी साजिश की आशंका नजर नहीं आती है और दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है।

# दंपती और 2 बच्चों के शव मिले, पुलिस ने कहा- व्यापारी ने परिवार की हत्या के बाद जान दी



इसी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में व्यापारी परिवार समेत रहता था। डीसीपी अशोक डुढे ने घटनास्थल का मुआयना किया।

## सुसाइड नोट में लिखा- मर्जी से कदम उठा रहे

**मुंबई।** नवी मुंबई में एक व्यापारी, उसकी पत्नी और 2 बच्चों के शव एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि व्यापारी ने पहले पत्नी और बच्चों की गला दबाकर हत्या की, फिर खुद फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। व्यापारी का नाम नितेश उपाध्याय बताया गया। वह मूल रूप से दिल्ली का रहने वाला था। घटना कब की है, यह साफ नहीं हो पाया है। मकान मालिक ने कहा कि पिछले 2 महीने से उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा था। उन्होंने व्यापारी को फोन भी लगाया लेकिन मोबाइल बंद मिला। इसके बाद उन्होंने पड़ोसियों की मदद से घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। घर में व्यापारी का शव फंदे से लटका था। बिस्तर पर पत्नी और बच्चों के शव पड़े थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

**जिसे हमारा शव मिले, हिंदू-रिवाज से अंतिम संस्कार कर दे:** पुलिस ने मौके से 2 सुसाइड नोट भी बरामद किए हैं। पहले सुसाइड नोट में लिखा है- हम आत्महत्या कर रहे हैं। कमरे में पत्र, सोना और कैश रखा है। जिसे भी हमारा शव मिले, वह हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कर दे। हमारा कोई और नहीं है। जबकि दूसरे नोट में लिखा है कि हम अपनी मर्जी से यह कदम उठा रहे हैं। इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। फिलहाल, पुलिस ने परिवार की हत्या करने के आरोप में नितेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# राज्य के 917 स्कूलों को बंद करने का फैसला!

**मुंबई।** विद्यार्थियों की कमी के कारण ठाकरे सरकार राज्य के 917 स्कूलों पर ताले लगाने जा रही है। बंद किए जाने वाले स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पास के दूसरे स्कूलों में भेजा जाएगा। स्कूल दूर होने पर विद्यार्थियों को जाने के लिए वाहन की सुविधा सरकार उपलब्ध कराएगी। इस संबंध में राज्य के शिक्षा विभाग ने शासनादेश जारी किया है। लेकिन, सरकार के इस निर्णय का भारी विरोध हो रहा है। लोकभारती के विधायक कपिल पाटील ने स्कूली शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड को पत्र लिखकर विरोध किया है। उन्होंने कहा कि अपेक्षा है कि आप गरीबों के



स्कूलों को बंद करने का पूर्व की भाजपा सरकार के अजेंडे को लागू नहीं करेंगी। पाटील ने कहा कि वास्तव में राज्य के तत्कालीन शिक्षा मंत्री विनोद तावडे ने जिन स्कूलों को बंद किया है, उन्हें जगहों को 917 बस्ती स्थान के रूप में घोषित किया गया है। इससे कक्षा पहली से पांचवीं तक के 4,875 विद्यार्थियों को अपने मूल गांव में शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा, उन्हें वाहन की व्यवस्था से दूसरे गांवों के स्कूलों में ले जाया जाएगा। पाटील ने कहा कि सरकार को 20 फरवरी को जारी किए गए शासनादेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। सरकार को एक भी स्कूल बंद नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को ज्यादा जानकारी नहीं है, उन्हें शासनादेश पढ़ने के बाद लगेगा कि जहां पर स्कूल नहीं हैं, ऐसे सुदूर इलाकों के बच्चों को नजदीक के स्कूलों में ले जाने के लिए सरकार वाहनों की व्यवस्था कर रही है।

# प्रहार जनशक्ति पार्टी के नेता तुषार पुंडकर की गोली मारकर हत्या, इलाके में तनाव



**अकोला।** अकोट में दो अज्ञात हमलावरों ने प्रहार जनशक्ति पार्टी (पीजेपी) के एक स्थानीय नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पीजेपी के अकोला जिले के पूर्व प्रमुख तुषार पुंडकर को शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गोली मारी गई। शनिवार तड़के अकोला के अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद से इलाके में तनाव है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। अकोट पुलिस स्टेशन से मिली जानकारी के अनुसार पुंडकर शुक्रवार रात करीब 10 बजे अकोट के पुलिस कॉलोनी इलाके में टहल रहे थे, तभी मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने उन्हें पीछे से दो गोली मारी, जिसके बाद वह जमीन पर गिर गए। इसके बाद उन्हें अकोट शहर में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार तड़के करीब तीन बजे उनकी मौत हो गई। घटनास्थल से एक बंदूक और दो खाली कारतूस मिले हैं। पुंडकर के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये अकोला सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**अलीगढ़ में प्रदर्शन के दौरान हिंसा**

शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक के लिए इंटरनेट बंद कर दिया गया है। वहीं, दिल्ली के जाफराबाद के पास मौजपुर में दो गुटों के बीच पथराव हुआ। इससे पहले, अलीगढ़ में सीएए के विरोध प्रदर्शन में ऊपरकोट इलाके में हुई। यहां प्रदर्शनकारियों की भीड़ में शामिल कुछ युवकों ने पुलिस की जीप पर पथराव किया और ट्रांसफार्मर को आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। अलीगढ़ डीएम चंद्रभूषण सिंह ने कहा- सबकुछ सामान्य था। शनिवार को भी जामा मस्जिद के इमाम से बात की गई थी। लेकिन, रविवार को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की कुछ छात्राओं ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की है। उनकी पहचान की जा रही है। सार्वजनिक संपति को जो नुकसान हुआ है, उसकी क्षतिपूर्ति उपद्रवियों से की जाएगी। महिलाओं के प्रदर्शन के चलते दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने जाफराबाद स्टेशन पर मेट्रो ट्रेनों के रुकने पर रोक लगा दी है। मेट्रो स्टेशन में आने-जाने के गेट बंद कर दिए गए। सलीमपुर को यमुना विहार और मौजपुर से जोड़ने वाली सड़कें भी बंद हो गई हैं। प्रदर्शनकारी महिलाएं हाथों में तिरंगा लेकर आजादी के नारे लगा रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता फहीम बेग ने कहा- सरकार इस मुद्दे को लेकर लापरवाही बरत रही है। लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। शाहीनबाग, जाफराबाद मेट्रो स्टेशन और चांदबाग में सीएए के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन से बंद सभी सड़कों को खोलने की मांग शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। लोगों की नौकरी छूट रही है। यह हमारे मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। लोगों ने केंद्र और दिल्ली सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सभी सड़कों को खुलवाया जाए।

**अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं मोदी सरकार**

राजनाथ सिंह ने मेरठ और मेंगलुरु में अपनी दो मेगा रैलियों का जिक्र करते हुए कहा कि मैंने पहले भी अपनी मेरठ और मेंगलुरु की रैलियों में कहा है कि मुसलमान भारत का नागरिक और हमारा भाई है। वह हमारे जिगर का टुकड़ा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में सरकार ने शुरूआत से ही मुस्लिम नागरिकों के अंदर डर हटाने और उनमें आत्मविश्वास भरने की कोशिश की है। राजनाथ सिंह ने कहा कुछ ताकतें हैं, जो उन्हें गुमराह कर रही हैं। लेकिन बीजेपी किसी भी स्थिति में भारत के अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं जा सकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरूआत से ही 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा दिया है। जाति, धर्म और रंग के आधार पर भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं उठता। हम इसके बारे में सोच भी नहीं सकते। रक्षा मंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें हैं, जो केवल वोट बैंक के बारे में ही सोचती हैं। सांप्रदायिक राजनीति के लिए नेताओं को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति महज वोटों के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण करने के लिए करनी चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यहां तक कि जो हिंदुत्व की विचारधारा में विश्वास करते हैं, वे भी पहचान के आधार पर भेदभाव नहीं कर सकते, क्योंकि हिंदुत्व का मतलब ही 'वसुधैव कुटुंबकम (दुनिया एक परिवार है)' है।

**अघाड़ी में खटपट**

जहां एक ओर कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने ट्वीट करते हुए कहा कि सीएए और एनपीआर पर उद्धव ठाकरे को अधिक जानकारी दिए जाने की जरूरत है वहीं दूसरी ओर एनसीपी चीफ शरद पवार और राज्य के डेप्युटी सीएम अजित पवार ने शनिवार को दोनों मुद्दों पर मुंबई में उद्धव के साथ चर्चा की। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष और राजस्व मंत्री बालासाहेब थोराट ने कहा है कि वह रविवार को सीएम से मुलाकात कर यह जानने की कोशिश करेंगे कि उन्हें सीएए और एनपीआर का समर्थन करने के लिए कहां से उकसाया गया। कांग्रेस और एनसीपी दोनों ने साफ किया है कि वे राज्य में एनपीआर को लागू नहीं होने देंगे। इन दोनों सहयोगियों को लगता है कि ठाकरे के बयानों ने गठबंधन सरकार में अनबन को बल दिया है। मनीष तिवारी ने ट्वीट में कहा, उद्धव ठाकरे को यह समझने की जरूरत है कि कैसे एनपीआर एनआरसी का आधार था। एक बार आपने एनपीआर लागू कर दिया तो आप एनआरसी को नहीं रोक सकते। सीएए पर तिवारी ने कहा कि उद्धव को यह बताए जाने की जरूरत है कि भारतीय संविधान के तहत धर्म नागरिकता का आधार नहीं हो सकता। उद्धव के साथ पवार की मीटिंग के बारे में एनसीपी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि इस दौरान सुझाव मिला कि कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्रियों को सीएए और एनपीआर का अध्ययन करने के लिए जल्द बैठक करनी चाहिए।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 




# कोरोनावायरस: जापानी शिप पर 4 और भारतीय संक्रमित

## दक्षिण कोरिया में 5 लोगों की मौत, सरकार ने रेड अलर्ट जारी किया

**संवाददाता**

**जापान** स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को बताया कि डायमंड प्रिसेंज क्रूज पर चार और भारतीय कोरोनावायरस (कोविड-19) से संक्रमित हो गए हैं। क्रूज पर अब तक 12 भारतीयों में संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और नेपाल से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, चीन, हॉन्गकॉन्ग, सिंगापुर, थाईलैंड, जापान और दक्षिण कोरिया से आने वाले यात्रियों को भी स्क्रीनिंग से गुजरना पड़ेगा। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिहिदे सुगा ने कहा- अभी शिप पर एक हजार से ज्यादा यात्री और चालक दल मौजूद हैं। पिछले दिनों जापान सरकार ने कहा था कि जो भी स्वस्थ हैं, वे 19 फरवरी (बुधवार) से घर जा सकते हैं। शनिवार को लगभग 100 यात्रियों को शिप से जाने की अनुमति दी गई थी।





**हुबेई प्रांत में अब तक 2346 लोगों की मौत:** चीनी अधिकारियों से क्लीयरेंस नहीं मिल पाने की वजह से भारतीय एयर फोर्स का स्पेशल विमान गाजियाबाद के हिंडन एयर फोर्स स्टेशन पर तैयार खड़ा है। विमान में मेडिकल उपकरण लोड किए गए हैं। चीन के हेल्थ कमीशन के मुताबिक, कोरोनावायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित हुबेई प्रांत में अब तक 2346 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 64 हजार से ज्यादा लोग संक्रमित हैं।

**हुबेई प्रांत में 15,299 लोग ठीक हुए:** हेल्थ कमीशन के मुताबिक, हुबेई प्रांत में 15,299 लोग अब तक ठीक हो चुके हैं। 24 घंटे में 630 नए मामले सामने आए हैं जबकि 96 लोगों की मौत हुई है। वहीं, ईरान के अधिकारियों ने बताया कि वायरस की वजह से अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। देश में 28 मामलों की पुष्टि हुई है।

# सरकार की यात्रियों को नसीहत

## फ्लाइट में ठीक से बैठें, आपकी सीट स्लीपर बर्थ नहीं

**अक्सर** देखा गया है कि लोग फ्लाइट में सीट को पीछे की तरफ झुका कर बैठते हैं। इससे पीछे की सीट पर बैठे यात्री को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस चक्कर में कई बार यात्रियों में विवाद भी हो जाता है। अब सरकार की ओर से फ्लाइट में सीट पर बैठने के तरीके के बारे में बताया गया है। दरअसल, एविएशन मिनिस्ट्री ने एक ट्वीट कर हवाई यात्रियों से ठीक से बैठने की अपील की है। ट्वीट में साफ-साफ कहा गया है कि आपकी सीट कोई स्लीपर बर्थ नहीं है, इसलिए दूसरे के स्पेस को लेकर विवेकहीन नहीं होना चाहिए। मिनिस्ट्री के ट्वीट में कहा गया है, विमान में दूसरे लोगों के बारे में सोचें



और उन्हें दी गई जगह की अनदेखी न करें। आपके पास सीमित जगह होती है। कोई नहीं चाहता कि आपका सिर उसकी गोद में हो। इसके साथ ही हवाई यात्रियों को एक दूसरे के लिए अच्छे व्यवहार और सम्मान दिखाने की भी बात कही गई है। मिनिस्ट्री ने इस ट्वीट के साथ एक कार्टून भी पोस्ट किया है। इस कार्टून में दिखाया गया है कि सामने बैठे यात्री ने अपनी सीट पीछे झुका रखी है। वहीं इससे पीछे बैठा यात्री परेशान दिख रहा है। इस ट्वीट में मिनिस्ट्री ने #BeAResponsibleTraveller और #EtiquettesOfFlying हैशटैग का इस्तेमाल किया है।

**दुनियाभर में छिड़ी है बहस:** बता दें कि विमान में बैठने को लेकर दुनियाभर में बहस छिड़ी हुई है। दरअसल, कुछ दिनों पहले एक अमेरिकी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इस पोस्ट में महिला ने विमान में अपने साथ हुए एक वाकये का जिक्र किया है। महिला ने बताया कि विमान में जब मैंने अपनी सीट को झुकाया तो पीछे बैठे शख्स ने लगातार मेरी सीट पर पंच किया। इस पोस्ट में महिला ने एयरलाइन को भी निशाने पर लिया। महिला के इस पोस्ट पर अमेरिका में बहस छिड़ी हुई है। इस पूरे मामले पर डेल्टा एयरलाइन के सीईओ को भी प्रतिक्रिया देनी पड़ी। उन्होंने कहा कि पैसेंजर्स को यह हक बनता है कि वह अपनी सीट को जरूरत के हिसाब से झुकाए। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि अगर आप अपनी सीट पीछे झुका रहे हैं तो पहले पीछे बैठे को-पैसेंजर्स से मंजूरी जरूर लें।

## तुर्की-ईरान सीमा पर भूकंप से 3 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत, 1066 इमारत क्षतिग्रस्त

**तुर्की-ईरान** सीमा पर रविवार को आए भूकंप में कई इमारतें ध्वस्त हो गईं। इनमें दबने से आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे में 21 लोग घायल हो गए हैं। तुर्की के गृह मंत्री ने कहा- बचाव दल मौके पर पहुंच गए हैं। मंत्री सुलेमान सोयलू के अनुसार, मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल थे। आपदा में 1,066 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मीडिया के मुताबिक, तुर्की का वान प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित है। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र के अनुसार, तुर्की-ईरान सीमा पर 5.7 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र दोनों देशों की सीमा पर पांच किलोमीटर की गहराई में था।

## डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा के खर्च पर विवाद, प्रियंका गांधी ने पूछा- सरकार ने कितना पैसा दिया?

**कांग्रेस** ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा पर होने वाले खर्च को लेकर सवाल उठाया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के भारत आगमन पर 100 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। लेकिन ये पैसा एक समिति के जरिए खर्च हो रहा है। देश को यह जानने का हक है कि सरकार ने इस समिति को कितना पैसा दिया है। प्रियंका गांधी ने शनिवार को ट्वीट किया, राष्ट्रपति ट्रंप के आगमन पर 100 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। लेकिन ये पैसा एक समिति के जरिए खर्च हो रहा है। समिति के सदस्यों को पता ही नहीं कि वो उसके सदस्य हैं। क्या



देश को ये जानने का हक नहीं कि किस मंत्रालय ने समिति को कितना पैसा दिया? समिति की आड़ में सरकार क्या छिपा रही है? इससे पहले, कांग्रेस ने शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की भारत यात्रा का स्वागत किया था, लेकिन सरकार को आगाह करते हुए सुनिश्चित करने को कहा था कि यह दौरा भारतीय प्रवासियों के बीच ट्रंप को फिर से चुने जाने के प्रचार अभियान में नहीं बदलना चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा, हमारा मानना है कि इस दौरे का अमेरिकी राष्ट्रपति के फिर से चुने जाने के प्रचार अभियान से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। इस यात्रा का परिणाम राष्ट्रीय हित में होना चाहिए।

# बदनाम होंगे तो क्या नाम न होगा?

**देश** में एक चलन चल पड़ा की जल्दी प्रसिद्धी पानी हो और आप फिल्मों से जुड़े हो तो अपना नाम अमिताभ बच्चन के साथ जोड़ दो और राजनीति में प्रसिद्धी पानी हो तो मोदी विरोधी या देश विरोधी नारे लगा दो। नकारात्मक बाते जल्दी प्रसिद्धी दिलाती है। चिकमंगलूर की अमूल्या लियोना को कल तक कोई जानता तक नहीं था देश विरोधी नारों के कारण २४ घन्टे में अचानक उसे पूरा देश जानने लगा। ये तो वही हुआ कि बदनाम होंगे तो क्या नाम न होगा बेंगलुरु में एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने नागरिकता संशोधन कानून) के वीरोध में रैली की। ओवैसी को लगा वो इस रैली के माध्यम से सुर्खियां बटोरने में कामयाब होंगे, लेकिन दांव उल्टा पड़ गया। चिकमंगलूर की अमूल्या लियोना (ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर महफिल लूट ली और तमाम तरह के विवादों को जन्म दे दिया है। सवाल ओवैसी से पूछे जा रहे हैं जिनपर वो कन्नी काटते और बचते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं इस हरकत के बाद प्रशासन भी हरकत में आया और आनन फानन में पाकिस्तान समर्थित नारा लगाकर सियासी घमासान मचाने वाली लड़की अमूल्या लियोना के खिलाफ राजद्रोह का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अदालत ही ये फैसला करेगी कि पत्रकारिता की पढ़ाई कर रही छात्रा अमूल्या लियोना को क्या सजा देनी है। मामला सामने आने के बाद अब अमूल्या की कुंडली छानी जा रही है और पता लगाया जा रहा है कि पड़ोसी मुल्क के जिंदाबाद के नारे लगाने के पीछे इसका क्या मकसद था। मामले के बाद भारतीय जनता पार्टी अमूल्या लियोना और असदुद्दीन ओवैसी दोनों पर हमलावर है। भाजपा मीडिया सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने घटना के फौरन बाद ही अमूल्या लियोना का एक वीडियो ट्वीट किया और आशंका जाहिर की है कि जो दिख रहा है उसके पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं?वहीं अब बातें ये भी हो रही हैं कि बेंगलुरु में आयोजित असदुद्दीन ओवैसी की एंटी सीएए रैली में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वाली लड़की अमूल्या लियोना का संबंध नक्सलियों से है। दावा खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा का है जिन्होंने घटना के बाद कहा है कि यह समाज में शांति और सौहार्द के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश है। जांच ऐसे लोगों की भी होनी चाहिए, जो इनको प्रोत्साहित करते हैं। अमूल्या का नक्सलियों से भी संबंध था। सजा तो होनी ही चाहिए।


अशोक भाटिया

घटना के बाद अमूल्या के परिजन भी सुर्खियों में आ गए हैं। अमूल्या के विरोध में खुद उनके पिता सामने आए हैं। अमूल्या के पिता ने पाकिस्तान परस्त नारा लगाने के कारण उसके हाथ पैर तोड़ने की बात की है साथ ही ये भी कहा है कि वो किसी भी हाल में अपनी बेटी की जमानत के लिए सामने नहीं आएंगे साथ ही लड़की के पिता ने ये भी कहा कि मैं उसका बचाव नहीं करूंगा। उन संगठनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए जो अमूल्य जैसे लोगों के पीछे हैं। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो यह सब खत्म नहीं होगो यही कहानी का ट्विस्ट है। अमुल्या और अमूल्या के पिता की बातों में गहरा विरोधाभास है। सवाल होगा कैसे? तो जवाब है वो वीडियो जिसका एक हिस्सा अमित मालवीय ने ट्वीट किया है। सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह फैल रहे अमूल्या के उस इंटरव्यू जो उसने आप की आवाज नाम के यूट्यूब चैनल को 21 जनवरी 2020 को दिया थो6 मिनट 6 सेकंड के इस इंटरव्यू में अगर गौर किया जाए तो तमाम सवालों के जवाब खुद अमूल्या ने दिए हैं और बताया है कि उनकी इस क्रांति के पीछे की वजह उनके परिवार वाले विशेषकर उनके पिता हैं। वो सिर्फ एक चेहरा हैं। दिशा निर्देश उन्हें पिता के अलावा संगठन के और लोगों से मिलता है और वो उसे अमली जामा पहनाती हैं। इंटरव्यू में खुद अमूल्या ने इस बात को स्वीकारा है कि उनके पिता भी एक्टिविस्ट हैं और वो ग्रासरूट पर काम करते हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि जब चिकमंगलूर या आसपास में कोई कार्यक्रम होता था तो उनका घर ही एक्टिविस्ट के लिए हब होता था और ये लोग वहीं रुकते थेपने इंटरव्यू में अमूल्य ने ये भी बताया था कि वो जो भी कर रही हैं अकेले नहीं कर रही हैं। वो इसका एक चेहरा भर हैं। इन सब के पीछे बहुत सारे लोग जैसे उनके माता पिता, सुझाव समितियां हैं यही लोग बताते हैं कि इन्हें कहां जाना है। क्या करना है किस तरह का भाषण देना है।

इतनी बातों के बाद ये खुद ब खुद साफ हो गया है कि अगर आज अमूल्या के रूप में क्रांति का पेड़ तैयार हुआ है तो इसके बीज खुद उनके माता पिता ने डाले थे। अगर आज अमूल्या पाकिस्तान परस्त हो गई हैं तो हम इसके लिए उन्हें अकेले जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। दोषी मां आप भी है और उन्हें भी बराबर की सजा मिलनी चाहिएकी बात अमूल्या के पिता के पाकिस्तान जिंदाबाद के नारों पर दर्ज की गई आपत्ति पर भी हुई है तो बता दें कि ये उनका वो पैंतरा है जिसका इस्तेमाल वो खुद को बचाने के लिए कर रहे हैं. अमूल्या के पिता इस बात को जानते हैं कि जो बात उनकी बेटी ने की है वो एक गंभीर बात है और फिलहाल फायदा इसी में ही है कि वो अपने आप को अपनी बेटी द्वारा दी गई स्पीच से अलग कर लें।

# वसई पूर्व में मेघा फ्री मेडिकल कैम्प



**समाचार-वसई** पूर्व में रविवार दिनांक 23 फरवरी को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक शुभ लछमी शॉपिंग सेंटर में दि इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब, लायंस क्लब ऑफ वसई पर्ल्स और संस्कार भारती प्रतिष्ठान की तरफ से मेघा फ्री मेडिकल केम्प किया गया। इसमें ब्लड प्रेशर, रेंडम शुगर, ई सी जी अर्थ हॉस्पिटल, वसई द्वारा, जनरल चेकअप व फ्री मेडिसन डॉक्टर अनिरुद्ध चव्हान द्वारा, तथा आंख का फ्री चेकअप, फ्री चश्मा व जरूरत मंदों को मोतिया बिंदु का ऑपरेशन के लिए लिस्टेड किया गया । केम्प में लगभग 500 ददीयों ने भाग लिया । कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि लायन डॉक्टर प्रशांत पाटिल थे व अतिथि के रूप में श्रीमती लायन अंजलि मेस्त्री, लायन श्रद्धा मोरे, लायन विकास पटोले रहे। संस्कार भारती प्रतिष्ठान की ओर से सेक्रेटरी अखिलेश चंद्र मिश्रा ने सभी आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## अनुच्छेद 370: राजनाथ ने कहा- कश्मीर में नजरबंद अब्दुल्ला और मुफ्ती की जल्द रिहाई की प्रार्थना करूंगा

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि वे जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की जल्द रिहाई के लिए प्रार्थना करेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि वे रिहा होने के बाद जम्मू-कश्मीर की स्थिति सामान्य करने में योगदान देंगे। मोदी सरकार द्वारा 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद-370 को हटा दिया गया था। इसके बाद राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया। इसके बाद से ही पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, उनके बेटे उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत घाटी के कई नेताओं को एहतियात के तौर पर नजरबंद कर दिया गया था।

# दिल्ली: समान गोत्र में विवाह, लड़की को मारकर शव 100 किमी दूर फेंक आए परिजन

**नई दिल्ली।** न्यू अशोक नगर इलाके में एक लड़की की हत्या का शव को दिल्ली से 100 किलोमीटर दूर अलीगढ़ में फेंक दिया गया। शुरूआती जांच में इस वारदात को हॉरर किलिंग के तौर पर देखा जा रहा है। परिजनों से छिपकर एक ही गोत्र के युवक से शादी को इस हत्याकांड की वजह माना जा रहा है। मामले में न्यू अशोक नगर पुलिस ने माता-पिता समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान शीतल चौधरी के तौर पर हुई है।

हत्या के बाद परिवार लाश को कार की सीट पर बिठाकर ले गया। परिवार को शक था कि उसकी पड़ोस के एक युवक से दोस्ती है। शक ये भी था कि उसने शादीशुदा होते हुए भी आर्य समाज मंदिर में चुपके से पड़ोसी युवक से शादी कर ली थी। जब शीतल का मोबाइल नंबर नहीं मिला तो उनके दोस्त ने न्यू अशोक नगर थाने में परिवार पर आशंका जताते हुए केस दर्ज कराया। वारदात के 22 दिन बाद इस पूरे केस से पर्दा



उठ सका।

बहरहाल पुलिस ने शुक्रवार को मृतका की मां सुमन, पिता रविन्द्र, ताऊ संजय, फूफा ओम प्रकाश, फूफा के बेटे परवेश, रिश्तेदारी में रविन्द्र के दूसरे दामाद अंकित को गिरफ्तार किया है। परिवार ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि काफी समझाने पर भी वह शादी तोड़ने के लिए तैयार नहीं हुई तो उन्होंने उसकी हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, शीतल परिवार सहित न्यू अशोक नगर इलाके में रहती थी। परिवार में पिता रविन्द्र, मां व अन्य परिजन हैं। पड़ोस में ही परिवार के साथ उनका दोस्त रहता है। परिवार को शक था कि दोनों के बीच तीन साल से गहरी दोस्ती है। पिछले साल अक्टूबर महीने में दोनों ने परिजनों से छिपकर शादी भी कर ली थी, लेकिन इसके बारे में भी किसी को कुछ पता नहीं था।

30 जनवरी के बाद से ही दोस्त की न तो शीतल से मुलाकात हुई थी और न ही फोन पर बात हुई थी। उसने पहले आसपास तलाशा। फिर 17 फरवरी को थाने जाकर अपहरण का केस दर्ज कराया था। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। शीतल की तलाश में उसके घर पहुंची तो परिजनों ने बताया कि वह अपने फूफा के घर चली गई है। पुलिस फूफा के घर पहुंची तो शीतल वहां भी नहीं मिली। पुलिस को परिजनों पर शक हुआ। जिसके आधार पर सभी की कॉल डिटेल निकाली गई। जिसके बाद कड़ियां जुड़ती चली गईं। सख्ती से पूछताछ करने पर सच सामने आ गया।

उन्होंने बताया कि 30 जनवरी को ही शीतल की हत्या कर शव को अलीगढ़ की जवां नहर में फेंक दिया गया था। वह दो कार लेकर अलीगढ़ गए थे। इस के बाद दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस से संपर्क किया। जिससे पता चला कि 30 जनवरी को नहर से पुलिस को एक लड़की की लाश मिली थी। पहचान न हो पाने पर पुलिस ने 2 फरवरी को उसका अंतिम संस्कार कर दिया था। हालांकि शीतल की फोटो व कपड़ों से उसकी पहचान कर ली गई।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शीतल के दोस्त ने पुलिस को बताया कि शादी करने के बाद शीतल ने ही उससे कहा था कि वह अभी इसके बारे में किसी को नहीं बताएंगे। उसने कहा था कि अभी घर में कुछ प्रोग्राम हैं वो हो जाने के बाद वह अपने परिजनों को मना लेगी। मगर जब वो नहीं मानी तो आरोपियों ने उसकी हत्या कर दी।

# बीजेपी राज में बज रहा अपराध का डंका: अखिलेश

**लखनऊ।** एसपी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में अपराध का डंका बज रहा है। पुलिस कमिश्नरी के बाद भी राजधानी लखनऊ में ताबड़तोड़ हत्याएं हो रही हैं। कानून व्यवस्था जस की तस है। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं रोज दहलाती हैं। महिलाओं और बच्चियों तक का जीवन संकट में हैं उनके साथ बलात्कार- हत्या जैसे जघन्य कांड का सिलसिला जारी है।

अखिलेश ने सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम यही रामराज उत्तर प्रदेश में स्थापित करना चाहते हैं। शुक्रवार को जारी बयान में सपा मुखिया ने कहा कि लखनऊ में पुलिस कमिश्नर भी अब तक कोई करिश्मा नहीं कर पाए हैं और नए डीजीपी साहब तो आते ही टॉप टेन अपराधियों की खोज में लग गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री जी का दावा है कि अपराधी या तो



जेलों में हैं या प्रदेश के बाहर चले गए हैं।

# एमपी में 'नसबंदी टारगेट' पर विवाद के बाद सर्कुलर वापस

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार ने 'नसबंदी का टारगेट' संबंधी विवादित आदेश को वापस ले लिया है। मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि हम सर्कुलर को वापस ले रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री तुलसी सहलावत ने कहा कि राज्य सरकार ने आदेश वापस ले लिया है। हम किसी को बाध्य नहीं करेंगे और हम आदेश का अध्ययन करेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन संचालक छवि भारद्वाज का तबादला कर दिया गया है। उन्हें सचिवालय में ओएसडी बनाया गया है।

दरअसल, जनसंख्या नियंत्रण पर कमलनाथ सरकार ने अधिकारियों से कहा था कि वो कम से कम एक व्यक्ति की नसबंदी कराएं और अगर ऐसा नहीं होता है तो उनको जबरदस्ती वीआरएस दे दिया जाएगा। उनके वेतन में भी कटौती की जाएगी। कर्मचारियों के लिए पांच से दस पुरुषों की नसबंदी कराना अनिवार्य कर दिया



गया था। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मध्य प्रदेश मिशन संचालक छवि भारद्वाज की ओर से जारी आदेश को राज्य के सभी संभागीय आयुक्तों, जिला अधिकारियों, सीएमओ और अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को भेजा गया था। सरकार के इस आदेश की बीजेपी ने सख्त आलोचना की थी। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में अघोषित आपातकाल है। क्या ये कांग्रेस का इमरजेंसी पार्ट-2 है?

# 112 पर ज्यादा शिकायतें आईं तो थाने पर होगा ऐक्शन

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी ने आपात सेवा 112 के अफसरों को निर्देश दिए हैं कि जिन स्थानों से ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, उन्हें चिह्नित कर रिपोर्ट उन्हें भेजी जाए। इसके बाद वहां के थानों के खिलाफ ऐक्शन लिया जाएगा। डीजीपी ने शुक्रवार को आपात सेवा 112 के मुख्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी असीम अरुण ने उन्हें वहां की कार्य प्रणाली और सेवाओं की जानकारी दी।

डीजीपी दोपहर बाद करीब दो बजे 112 के मुख्यालय पहुंचे और अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान डीजीपी को 112 की सवेरा, पट्रोल मैनेजमेंट के साथ अन्य योजनाओं के बारे में बताया। बैठक में अडिशनल एसपी (प्रशिक्षण) दिगंबर कुशवाहा ने पीआरवी पर तैनात जवानों को दी जाने वाली ट्रेनिंग के बारे में बताया।

# सीने में गोली मारकर कारोबारी का मर्डर, 2.50 लाख लेकर फरार

**नई दिल्ली।** साउथ दिल्ली में बाइक सवार तीन बदमाश एक कारोबारी को गोली मारकर करीब 2.50 लाख रुपये लूटकर ले गए। अस्पताल में उनकी मौत हो गई। कारोबारी अपने नौकर के साथ दुकान बंद करके घर जा रहे थे। तभी बाइक पर आए बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने मफलर से अपने चेहरे ढंके हुए थे। इस दौरान मालिक को बचाने आए नौकर पर पिस्टल की बट से हमला कर बदमाशों ने उसे भी घायल कर दिया। वारदात फतेहपुर बेरी थाना इलाके के डेरा गांव में गुरुवार रात 9:50 के आसपास की बताई जा रही है। बदमाश यहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं।

डीसीपी अतुल ठाकुर ने बताया कि मृतक का नाम रवि कुमार (47) है। वह अपने परिवार के साथ डेरा गांव में ही रहते थे। यहीं पर वह अपना जनरल स्टोर चलाते थे। शुक्रवार रात करीब 10 बजे रवि अपनी दुकान बंद कर रहे थे। रुपयों से भरा बैग उन्होंने पास में ही सीढ़ियों पर रखा हुआ था। उनका नौकर भगवान दास भी उनके साथ था। नौकर अभी करीब चार महीने पहले ही दुकान पर काम पर आया था। बताया गया है कि दुकान बंद करते वक्त काले रंग की बाइक दुकान के सामने आकर रुकी। बाइक से एक बदमाश उतरा और उसने रुपयों रूसे भरा बैग उठा लिया। इस पर रवि ने उसे पकड़ लिया। एक बार को रवि ने बदमाश को जमीन पर गिरा दिया, लेकिन तभी बाइक पर बैठा दूसरा लुटेरा वहां आ पहुंचा और दोनों ने मिलकर रवि को दबोच लिया। इसके बाद तीसरे बदमाश ने रवि के सीने में गोली मार दी। इस पर रवि वहीं पर गिर पड़े। उनके नौकर भगवानदास ने भी लुटेरों का विरोध किया तो बदमाशों ने पिस्टल की बट मारकर उसे भी घायल कर दिया। इसके बाद बदमाश रुपये लेकर फरार हो गए। रवि को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस को इस मामले में रात 10:17 बजे पीसीआर कॉल मिली। मौके से एक खाली कारतूस बरामद हुआ है। मृतक के शव का शुक्रवार को सफदरजंग अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम कराया गया।

# एक भारतीय सैनिक का मंदिर, जहां चीनी सेना भी झुकाती है सिर

सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर एक सैनिक ऐसे भी हैं जो मौत के 48 साल बाद भी सरहद की रक्षा कर रहे हैं। सुनने में आपको थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन भारतीय सैनिक बाबा हरभजन सिंह के मंदिर में चीनी सेना भी सिर झुकाती है। आखिर कौन हैं यह बाबा जिसका भारतीय सेना ने 14 हजार फीट की ऊंचाई पर मंदिर बनवाया हुआ है। लोगों का भी ऐसा ही मानना है और दूर-दूर से लोग यहां बाबा हरभजन सिंह के मंदिर में पूजा करने आते हैं।

**जेलेप और नाथुला दर्रे के बीच है मंदिर**

सिक्किम की राजधानी गंगटोक में जेलेप दर्रे और नाथुला दर्रे के बीच बना बाबा हरभजन सिंह मंदिर लगभग 14 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है।

मत्था टेकने आते हैं सभी सिपाही और अधिकारी

भारतीय सेना का ऐसा कोई सिपाही और अधिकारी नहीं है जो भारत-चीन बार्डर पर चौदह हजार फुट की ऊंचाई वाले बर्फीले पहाड़ों में बने बाबा के मंदिर में मत्था न टेकता हो।

**पाकिस्तान में हुआ था जन्म**

बाबा हरभजन सिंह का जन्म जिला गुजरांवाला (वर्तमान पाकिस्तान में) के सदराना गांव में 30 अगस्त 1946 को हुआ था।

**नाथुला का हीरो हैं बाबा**

बाबा हरभजन सिंह 23वीं पंजाब बटालियन के सैनिक थे। इन्होंने सन 1966 में सेना ज्वॉइन की थी। भारतीय सेना के इस जांबाज सैनिक को 'नाथुला का हीरो' के नाम से जानता है।

**गहरे नाले में गिरने से हुई थी मौत**

भारतीय सेना की पंजाब रेजिमेंट में सिपाही के पद पर तैनात हरभजन 4 अक्टूबर 1968 को अपने काफिले के साथ जा रहे थे, तभी दुर्घटनावश एक गहरे नाले में गिरने से उनकी मौत हो गई। उस समय न तो उनका शव मिला और न ही कोई जानकारी मिली।

**दोस्त के सपने आकर दी जानकारी**

बाद में बाबा हरभजन सिंह ने अपने एक दोस्त के सपने में आकर अपने शव के बारे में जानकारी दी। तब फिर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**मौत के बाद भी कर रहे ड्यूटी**

लोगों का ऐसा मानना है कि तब से लेकर आज तक बाबा हरभजन सिंह की आत्मा यहां सरहदों की रक्षा करती है। ऐसा कहा जाता है कि अपनी मौत के बाद भी हरभजन सिंह सेना को समय-समय पर तमाम जानकारियां उपलब्ध कराते रहे और अलर्ट करते रहे हैं।

**फ्लैग मीटिंग में रखी जाती है कुर्सी**

सेना ने इसके बाद ही बाबा का मंदिर बनवाया।



इस मंदिर में बाबा हरभजन सिंह की एक फोटो और उनका सामान रखा हुआ है। सिक्किम के लोग बताते हैं कि बॉर्डर पर होने वाली भारत और चीन की फ्लैग मीटिंग में बाबा हरभजन के लिए एक अलग से कुर्सी रखी जाती है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
काम की अधिकता रहेगी। विचलित न हों संयम बनाए रखें। अपना व्यवहार कार्यालय में ठीक रखें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**सिंह**
काम अधिक होने से चिड़चिड़ाहट हो सकती है। अधिकारी से विवाद हो सकता है। काम पेंडिंग न रखें। धन की कमी रहेगी।

**धनु**
काम की अधिकता रहेगी। समय पर सब काम पूरे हो जाएंगे। अपना काम किसी और को न सौंपें। मांगलिक कार्यक्रमों में जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष**
अचानक काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सहकर्मी से विवाद हो सकता है। धनतंगी रहेगी।

**कन्या**
प्रॉपर्टी में निवेश के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। किसी को उधार न दें। वाहन सतर्कता से चलाएं। खानपान में अति न करें।

**मकर**
कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ सकती है। तनाव ग्रस्त हो सकते हैं। इसका स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। खानपान का ध्यान रखें।

**मिथुन**
प्रॉपर्टी संबंधी मामलों में सफलता मिलेगी। कोई भी निर्णय सोच समझकर लें। काम के सिलसिले में यात्रा पर जाना पड़ सकता है। वाहन सावधानी से चलाएं।

**तुला**
कोई आपको भ्रमित करने का प्रयास कर सकता है। अच्छा होगा सतर्कता से कोई निर्णय लें। चोरी, दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

**कुंभ**
अपने कॅरियर को लेकर चिंता बढ़ेगी लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। बच्चों को शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है।

**कर्क**
बच्चों को लेकर चिंता बनी रहेगी। कॅरियर के लिए निर्णायक दौर चल रहा है। कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है। सतर्क रहें।

**वृश्चिक**
किसी के प्रलोभन में न आएं काम बिगड़ सकते हैं। अनावश्यक विवादों में न पड़ें। अधिकारी वर्ग की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**मीन**
कोई अनजान व्यक्ति आपको धोखा दे सकता है। किसी को कर्ज न दें। वाहन दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। समय प्रतिकूल चल रहा है इसलिये सतर्क रहें।

# राजस्थानी महलों को टक्कर देंगी लखनवी हवेलियां



राजस्थान के महलों की तरह अब राजधानी की हवेलियां भी हेरिटेज होटल में तब्दील होने लगी हैं। इसकी शुरूआत हुई है, कश्मीरी बाग में मौजूद बक्शी हवेली से। प्रदेश की नई पर्यटन नीति के तहत इसे लखनऊ के पहले हेरिटेज होटल का तमगा मिला है। राजधानी में इसी महीने हुए डिफेंस एक्सपो के दौरान कई विदेशी मेहमानों के ठहरने के लिए इसी हेरिटेज होटल में इंतजाम किए गए थे।

बक्शी हवेली करीब 128 साल पुरानी है। इसका निर्माण पं. राजा राम नारायण बक्शी ने साल 1892 में करवाया था। उस वक्त यहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम करने आते थे। पास में एक तालाब भी हुआ करता था। प्रदेश की नई पर्यटन नीति के तहत अब इसे होटल में बदल दिया गया है। खास बात यह है कि इस होटल में स्थानीय लोगों की बुकिंग स्वीकार नहीं की जाती। बक्शी परिवार के राजीव बक्शी ने बताया कि इस होटल में कुल पांच कमरे हैं। नवंबर से यहां पर्यटकों का आना शुरू हो चुका है। अभी तक यहां देश के कई शहरों के अलावा चीन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा से भी पर्यटक आए हैं। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने साल 2018 में नई नीति बनाई थी। इसमें हेरिटेज होटल के भी नियम तय किए गए हैं। नियमों के मुताबिक, साल 1950 से पहले बनी किसी भी इमारत में खुलने वाले होटल को हेरिटेज का दर्जा मिल सकता है।

# इन चीजों का सेवन करने से बढ़ सकता है सोरायसिस का खतरा

सोरायसिस एक स्किन प्रॉब्लम है। यह समस्या ज्यादातर हाथ-पांव, पैरों के तलवों, कोहनी, घुटनों और पीठ पर होती है। इसके होने से त्वचा पर लाल और सफेद रंग के धब्बे पड़ जाते है। इसके अलावा धब्बों वाली जगह पर खुजली भी होने लगती है। सोरायसिस अधिकतर सर्दियों के मौसम में होती है। यह बीमारी मौसम और कुछ आहारों के कारण भी हो सकती है। आज हम आपको उन्हीं आहारों के बारे में बता रहें है जिनको खाने से सोरायसिस हो सकता है। अगर समय रहते उन खाद्य पर्दाथों को खाना बंद न किया जाए तो समस्या बद से बदतर हो सकती है। तो आइए जानते हैं उन आहारों के बारे में।

**1. अल्कोहल**
जिन लोगों को सोरायसिस की समस्या होती है। उनको शराब का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। रोजाना शराब पीने से रैड सैल समान मात्रा से ज्यादा बनने के कारण यह व्हाइट सैल और टी सेल्स के साथ जा मिलते हैं। इससे शरीर में सोरायसिस होने लगता है। इस बीमारी से बचने के लिए शराब और नशीले पर्दार्थों का सेवन न करें।

**2. डेयरी प्रॉडक्ट्स**



डेयरी प्रॉडक्ट्स जैसे दूध, घी, पनीर, छाछ आदि में प्रोटीन और कैल्शियम की अच्छी मात्रा होती है। इन चीजों और खास कर गाय के दूध का सेवन करने से सोरायसिस की समस्या हो सकती है। गाय के दूध में ऐरेकिडोनिक एसिड होता है जिससे यह बीमारी होती है।

**3. जंक फूड**
जंक फूड में सैचुरेटेड, ट्रांस फैट और शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। इसको खाने से शरीर को कई सारी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उन्हीं में से एक है सोरायसिस। सोरायसिस की समस्या होने पर भी जंक फूड का सेवन करने से व्यक्ति को दिल की बीमारियां होने का खतरा भी बना रहता है।।

**4. रेड मीट**
रेड मीट में पॉलीअनसैचुरेटेड फैट होता है जिसके कारण भी सोरायसिस होता है। रेड मीट के अलावा कुछ सॉस और मसालों को खाने से भी त्वचा संबंधित समस्याएं होने लगती हैं। अगर आपको कुछ खाने के बाद एलर्जी या कोई समस्या होने लगे तो तुरंत डॉक्टरी जांच करवाएं।

**5. ग्लूटेन से भरपुर आहार**
गेहूं, जौ और राई में ग्लूटेन प्रोटीन की अधिकता होती है। इसको खाने से कुछ लोगों को सोरायसिस की समस्या हो सकती है। अगर इनके सेवन से आपकी त्वचा में बदलाव होता है तो इनके सेवन से बचें।

**6. खट्टे फल**
इसके अलावा साइट्रस फूड जैसे झ संतरा, नींबू, आदि से भी सोरायसिस होने लगती है। इस बीमारी से ग्रस्त लोगों को इनका सेवन करने से बचना चाहिए।

## आंखों के नीचे मौजूद Bags को इन नेचुरल तरीकों से करें दूर

कई बार जब हम लोग सोकर उठते है, तो आंखों के नीचे बैग यानी सूजन नजर आने लगती है, जो जल्दी से जाती नहीं है। ऐसे में हमारी आंखे मोटी-मोटी दिखने लगती है, जो देखने में बिल्कुल भी अच्छी नहीं लगती है। बहुत से लोगों को आंखों के नीचे सूजन यानी पफ्फी आईस की प्रॉब्लम होती हैं, जिनका कारण हर कोई जानना




चाहेगा। आनुवंशिकी, बुढ़ापा और पानी की कमी के साथ-साथ गुर्दे और लिवर की समस्या अन्य आदि स्थितियों में आंखों के नीचे बैग नजर आने लगता है। पर्याप्त नींद लेकर या ऊंचे कुशन पर सिर रखना, आइस क्यूब और खीरा अन्य आदि चीजों के इस्तेमाल से आंखों की नीचे मौजूद बैग से छुटकारा पाया जा सकता है।

**1. रोजाना 7-9 घंटे सोना**
रोजाना रात को 7-9 घंटे की पर्याप्त नींद लें। खासकर वयस्कों को इस बात का खास ध्यान रखना चाहिए। इसी को अपनी दिनचर्या बना लेना चाहिए, इससे तनाव की समस्या तो दूर रहती ही है साथ ही पफी आइस की समस्या भी नहीं होती। अगर आपको रात के समय जल्दी नहीं आती तो गुनगुना रिलैक्सिंग शॉवर लें और उसके बाद कोई बुक पढ़ें। इससे आपकी अनिंद्रा की प्रॉब्लम भी दूर होगी।

**2. नमक का प्रयोग**
रोजाना 1 गिलास गर्म पानी में 1 चम्मच नमक मिलाएं। फिर कॉटन पैड्स की मदद से आंखों के नीचले हिस्से पर लगाएं। कुछ देर ऐसे ही रखने के बाद आपको काफी फर्क नजर आएगा।

**3. बर्फ की सिंकाई**
अपनी आंखों के नीचे के एरिया को हमेशा 10-20 मिनट के लिए किसी ठंडी चीज की मदद से सिंकाई दें। इसके अलावा समय के अभाव में सुबह-सुबह आंखों पर ठंडे पानी की छींटे दें। बर्फ के टुकड़े किसी कॉटन के कपड़े पर लपेटकर आंखों के नीचे रगड़े।

**4. खीरे का इस्तेमाल**
आंखों के नीचे की सूजन दूर करने के लिए खीरा काफी कारगर है। खीरे का ठंडा अहसास ना सिर्फ त्वचा को सुकून देता है बल्कि दिमाग भी तरोताजा रखता है। खीरे की स्लाइस को आंखों पर रखें। इससे आंखों रिलैक्स मिलता है। इससे आंखों जलन भी दूर रहती है।

**5. टी बैग**
बंद आंखों पर 2-5 मिनट तक टी बैग रखें। इससे सूजी और फूली हुई आंखों की समस्या दूर होती है। इससे भी आंखों को आराम मिलेगा और वह फ्रेश रहेगी।

## तकिए की सफाई पर नहीं देंगे ध्यान तो हो सकती है यह बीमारियां



कई लोगों को तकिए के बिना नींद नहीं आती। वैसे तो यह आदत बुरी नहीं लेकिन तकिए की साफ-सफाई रखना बहुत जरूरी है। गंदा तकिया कई बीमारियों की वजह बनता है। ऐसे में सोते समय हमेशा सॉफ्ट और साफ-सुथरे तकिए का इस्तेमाल करें। सप्ताह में कम से कम एक बार इसके कवर को जरूर बदलें। दरअसल, शरीर के बैक्टीरिया तकिए पर लग जाते हैं, जो श्वास प्रक्रिया द्वारा शरीर के अंदर चले जाते हैं। आज हम आपको इससे होने वाली मुश्किलों और इससे बचने के लिए रख-रखाव के बारे में जानकारी देंगे। जिससे आप हमेशा के लिए सेहतमंद रहेंगे।

**1. गंदे और असुविधाजनक तकिए से होने वाली बीमारियां**
☞ पुराने तकिए के अंदर काफी ज्यादा धूल मिट्टी के कण चिपके होते हैं, जो कि सांस लेने से फेफड़ों में चले जाते हैं, जिससे अस्थमा जैसी बीमारी होने के संभावना बढ़ जाती है।
☞ पिलो ज्यादा मोटा और पतला होने पर गर्दन नीचे की तरफ झुक जाती है। जिससे खर्राटे की बीमारी हो सकती है। ऐसे में हमेशा साधारण साइज के तकिए इस्तेमाल करें।
☞ गंदे पिलो कवर पर मौजूद बैक्टीरिया पिंपल्स का कारण बनते हैं। ऐसे में समय पर इनके कवर को चेंज करें।
☞ ऊंचे तकिए के इस्तेमाल से शरीर का ब्लड सर्कुलेशन बिगड़ जाता है जिसके कारण पेट से जुड़ी समस्याएं बढ़ने लगती है।
☞ ज्यादा पुराने तकिए के इस्तेमाल से गर्दन में दर्द की प्रॉब्लम हो सकती है।


**2. इस तरह के तकिए का करें प्रयोग**
☞ पॉलिएस्टर के बने तकिए काफी सस्ते होते हैं। इसे आप धोकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे कम से कम दो साल में बदल लेना चाहिए।
☞ लैटैक्स तकिए सोते समय बहुत ही आरामदायक होते हैं। आप इसे काफी लंबे समय तक प्रयोग कर सकते हैं।
☞ मेमोरी फोम के बने पिलो गर्भवती महिलाओं को लिए काफी फायदेमंद होते हैं क्योंकि यह सोते समय सिर और गर्दन के अनुसार आकार बना लेते हैं।

## मसूर दाल से बने ये फेस पैक चेहरे पर लाएंगे गजब का निखार

मसूर दाल हर भारतीय के रसोई घर में पाई जाती है। यह खाने में स्वादिष्ट और सेहत के लिए लाभकारी होती है। इसमे कैल्शियम ,क्लोरीन,एल्युमीनियम,आयोडीन,फास्फोरस, मैग्नीशियम,आयरन, सोडियम, पोटैशियम, सल्फर, कॉपर, जिंक, प्रोटीन, कार्बोहाईड्रेट आदि पाया जाता है। जो स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इनको खाने से या चेहरे पर लगाने से त्वचा में निखार आने लगता है। इसके साथ ही यह त्वचा से संबंधित हर छोटी-मोटी समस्या को दूर करने के लिए फायदेमंद होती है। आज हम आपको मसूर दाल के अलग- अलग फेस पैक के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे आप स्किन की कई प्रॉब्लम को दूर कर सकते हैं।

**मसूर दाल फेस पैक बनाने के लिए सामग्री**
मसूर दाल
कच्चा दूध
हल्दी
नारियल
बादाम तेल
शहद

**1. ग्लोइंग स्किन**
ग्लोइंग और बेदाग स्किन पाने के लिए मसूर दाल पेस पैक का इस्तेमाल करें। पैक बनाने के लिए सबसे पहले मसूर दाल को सूखा कर पीस लें। अब इसमें 2 चम्मच कच्चा दूध, 1 चुटकी हल्दी और नारियल तेल डालकर मिलाएं। इसके बाद पेस्ट को 10 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं।
अब पैक को धीरे- धीरे रंगडते हुए उतारे। ऐसा करने से चेहरे की डैड स्किन बाहर निकल जाती है। इससे चेहरे की रंगत में निखार आता है।



**2. मुंहासे**
मुंहासों से राहत पाने के लिए मसूर दाल का फेस पैक बहुत फायदेमंद होता है। फेस पैक बनाने के लिए 1 कटोरी दाल को रात में भिगोने के लिए रख दें। सुबह उठकर इस पेस्ट में दूध मिलाएं। इस पेस्ट से चेहरे पर मसाज करने के बाद 20 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। हफ्ते में 2 बार के इस पेस्ट का इस्तेमाल करने से मुंहासों में फर्क दिखने लगेगा।

**3. बेदाग चेहरा**
1 चम्मच कच्चे दूध में, 1 चम्मच बादाम तेल, आधा चम्मच शहद, 1चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर और मसूर डाल लें। अब इन सब को अच्छे से मिक्स करें। इस फेस पैक को चेहरे पर 20-25 मिनट के लिए लगाएं। इस पेस्ट को हफ्ते में 3 बार लगाने से रंग निखारने के साथ ही चेहरे के दाग धब्बे दूर होते हैं।

# न्यूजीलैंड ने भारत पर बनाई बढ़त, इशांत ने दिखाया दम

**वेलिंग्टन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीचे खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म हो गया है। मेजबान कीवी टीम ने टीम इंडिया पर 51 रन की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे दिन खराब रोशनी के कारण स्टंप्स का ऐलान होने तक कीवी टीम ने 5 विकेट पर 216 रन बना लिए हैं। कप्तान केन विलियमसन ने शानदार 89 रन बनाए उन्हें मोहम्मद शमी ने अपना शिकार बनाया। इसके अलावा तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने सर्वाधिक तीन विकेट अपने नाम किए। शमी-इशांत के अलावा रविचंद्रन अश्विन ने भी एक विकेट अपने नाम किया।

पहली पारी में टीम इंडिया के 165 रन के जबाव में उतरी न्यूजीलैंड ने अपनी पारी की मजबूत शुरूआत की। भारत को 11वें ओवर में इशांत शर्मा ने टॉम लेथम (11) को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराकर पहली सफलता दिलाई। लेथम के बाद टॉम ब्लंडेल (30) और केन विलियमन ने अपनी टीम की पारी को बखूबी संभाल लिया। इन दोनों के बीच अभी 47 रन की साझेदारी हो चुकी थी, तब इशांत ने ब्लंडल को क्लीन बोल्ड कर इसे तोड़ा।

यहां से कीवी टीम की पारी को आगे बढ़ाने अपने करियर का 100वां टेस्ट खेल रहे रॉस टेलर आए। कप्तान विलियमसन ने रॉस टेलर (44) के साथ



मिलकर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दोनों ने मिलकर 93 रन की साझेदारी की और भारत पर बढ़त हासिल कर ली। अभी कीवी टीम की लीड 1 रन पर ही पहुंची थी कि इशांत शर्मा ने रॉस टेलर को 44 के निजी स्कोर पर अपना तीसरा शिकार बना लिया।

टेलर अपनी हाफ सेंचुरी से मात्र 6 रन दूर थे तब इशांत की एक अतिरिक्त उछाल लेती हुई गेंद उनके बैट को छूकर शॉर्ट लेग पर खड़े चेतेश्वर पुजारा के हाथ में जा समाई। इस तरह खतरनाक हो रही इस साझेदारी का अंत हुआ।

इसके बाद अपने शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान केन विलियमसन (89) को मोहम्मद शमी ने आउट कर भारत को चौथे विकेट के रूप में दिन की सबसे बड़ी सफलता दिलाई। विलियमसन मोहम्मद शमी की गेंद को ड्राइव कर रहे थे कि कवर्स में खड़े रवींद्र जडेजा ने आगे की ओर कूद कर उनका उम्दा कैच लपक लिया। आउट होने से पहले कीवी कप्तान ने अपने टेस्ट जीवन की 32वीं हाफ सेंचुरी पूरी की।

कुछ देर बाद लगातार शानदार बोलिंग कर रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी हेनरी निकोल्स (17) के रूप दिन की पहली और एकमात्र सफलता मिल गई। इसके बाद खराब रोशनी के चलते अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने की घोषणा कर दी।

इससे पहले आज मैच के दूसरे दिन भारत ने पहले दिन 122/5 स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। लेकिन पहले सत्र के करीब एक घंटे के खेल में ही कीवी गेंदबाजों ने भारतीय पारी को मात्र 165 रनों पर ही समेट दिया। इस तरह दूसरे दिन भारतीय बल्लेबाज सिर्फ 43 रन ही और जोड़ पाए।

रहाणे (46) ने थोड़ा संघर्ष जरूर किया लेकिन वह अपनी फिफ्टी पूरी करने से चूक गए। दूसरी ओर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी शानदार दिख रहे थे लेकिन अजाज पटेल ने उन्हे 19 के निजी स्कोर पर रन आउट कर दिया। कीवी टीम के लिए साउदी और जेमिसन ने 4-4 विकेट हासिल किए।

## पूनम का प्रहार, वर्ल्ड चैम्पियन की हार, ऑस्ट्रेलिया पर भारी पड़ी टीम इंडिया



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को सिडनी शोग्राउंड मैदान पर खेले गए आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के पहले मैच में मौजूदा विजेता ऑस्ट्रेलिया को 17 रनों से हरा दिया. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए. ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.5 ओवरों में 115 रन ही बना सकी. भारत का अगला मैच 24 फरवरी को पर्थ में बांग्लादेश के खिलाफ है.

मेजबान टीम के लिए एलिसा हीली ने 35 गेंदों पर छह चौके और एक छक्के की मदद से 51 रनों की पारी खेली. उनके अलावा सिर्फ एश्ले गार्डनर ही दहाई के आंकड़े में पहुंच सकीं. उन्होंने 34 रन बनाए. भारत के लिए लेग स्पिनर पूनम यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और चार ओवरों में 19 रन देकर चार विकेट लिए. इस बीच वह हैट्रिक से चूक गईं।

## एश्टन एगर की हैट्रिक से ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 107 रनों से हराया

**जोहांसबर्ग।** बायें हाथ के स्पिनर एश्टन एगर की हैट्रिक समेत पांच विकेट की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने वांडर्स स्टेडियम में 107 रनों से दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में हरा दिया। टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की ओर से एगर हैट्रिक लेने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वह ऑस्ट्रेलिया के लिए किसी टी-20 में सबसे बेहतर आंकड़े वाले गेंदबाज बनगए। उन्होंने 24 रन देकर पांच विकेट लिए।

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, दक्षिण अफ्रीका ने सिर्फ 40 रन पर अपने पहले चार विकेट खो दिए। कप्तान क्विंटन डी कॉक (2), रासी वैन डेर डूसन (6), जेजे स्मट्स (7) और डेविड मिलर (2) छाप छोड़ने में विफल रहे। एगर ने आठवें ओवर में हैट्रिक लिया। इस दौरान उन्होंने फाफ डु प्लेसिस (24), एंडिले फेहलुकवेओ (0) और डेल स्टेन (0) लगातार तीन गेंदों पर आउट किया और प्रोटियाज का स्कोर 44 रन पर 7 विकेट हो गया।

कैगिसो रबाडा कुछ बड़े शॉट लगाने में सफल जरूर रहे, लेकिन दक्षिण अफ्रीकी टीम 15 वें ओवर में टी-20 की अपने सबसे कम स्कोर 89 पर आउट हो गई। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया को 107 रनों की विशाल जीत मिली। इससे पहले, स्टीव स्मिथ की 45 और कप्तान आरोन फिंच की 42 रनों की पारी की



मदद से ऑस्ट्रेलिया निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 196 रन का स्कोर बनाया।

ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। टीम ने ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर (4) को पारी के पहले ही ओवर में ही गंवा दिया। इसके बाद फिंच और स्मिथ ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। यह जोड़ी दस रन प्रति ओवर से रन बनाने में सफल रही। नौवें ओवर में फिंच (42) को तबरेज शम्सी ने वापस पवेलियन भेजकर इस साझेदारी को तोड़ा।

## एफआईएच प्रो लीगः कड़े मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया, ऐसा रहा मैच का रोमांच


**भुवनेश्वर।** भारतीय टीम को एफआईएच प्रो लीग के पहले मैच में शुक्रवार को यहां मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से संघर्षपूर्ण मुकाबले में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। एफआईएच प्रो लीग में पदार्पण कर रहे भारत ने नीदरलैंड के खिलाफ छह में से पांच अंक हासिल किए जबकि बेल्जियम के खिलाफ उसने 2-1 से जीत दर्ज करके तीन अंक अपनी झोली में डाले थे। विश्व और यूरोपीय चैंपियन बेल्जियम ने हालांकि दूसरे मैच में वापसी करके 3-2 से जीत दर्ज की थी। लेकिन मेजबान भारत को विश्व में नंबर दो ऑस्ट्रेलिया के




खिलाफ कड़ी मशक्कत करनी पड़ी और आखिर में करीबी मुकाबले में उसे हार मिली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डायलान वोदरस्पून (छठे मिनट), टॉम विकहैम (18वें मिनट), लाचलान शॉर्प (41वें मिनट) और जैकब एंडरसन (42वें मिनट) ने मैदानी गोल किए। भारत की तरफ से राजकुमार पॉल (36वें और 47वें) ने दो जबकि रुपिंदर पाल सिंह (52वें मिनट) ने गोल दागे। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया पांच मैचों में नौ अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है जबकि भारत के इतने ही मैचों में आठ अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दिखाया कि उसे सबसे अधिक निर्मम हाकी टीम क्यों माना जाता है। उसने पहले मौके को ही भुनाया और छठे मिनट में वोदरस्पून ने शार्प के पास पर खूबसूरत गोल किया। भारत ने इससे उबरने के प्रयास किए लेकिन उसे सफलता नहीं मिली।

## स्पेन मास्टर्सः क्वॉर्टर फाइनल में हारीं साइना, जयराम का विजयी सफर जारी

**बार्सिलोना।** भारत की स्टार शटलर साइना नेहवाल का बार्सिलोना स्पेन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया है। शुक्रवार को उन्हें टूर्नामेंट के क्वॉर्टर फाइनल में थाइलैंड के बुसानन ओंगबामरंगफान से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। ओलिंपिक पदक विजेता साइना ने महिला



एकल का यह मैच 45 मिनट में 20-22, 19-21 से गंवाया। यह मुकाबला कांटे का रहा, लेकिन साइना दोनों ही सेटों में करीब अंतर से हार गईं और टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। दूसरी ओर, अजय जयराम हालांकि पुरुष एकल क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहे।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मिस्टर इंडिया रीबूट पर भड़कीं सोनम कपूर






जब से फिल्ममेकरर अली अब्बास जफर ने शेखर कपूर की मशहूर फिल्म 'मिस्टर इंडिया' का रीमेक बनाने की घोषणा की है तभी से यह इसकी हर तरफ चर्चा है। हालांकि काफी बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया पर इस फैसले की आलोचना भी कर रहे हैं। पहले ऑरिजनल 'मिस्टर इंडिया' बनाने वाले डायरेक्टर शेखर कपूर ने इस पर नाराजगी जताई थी कि उनसे इस बारे में बात तक नहीं की गई और उनकी फिल्म का नया वर्जन बनाया जा रहा है। अब इस फिल्म में लीड किरदार निभाने वाले अनिल कपूर की बेटी सोनम कपूर अहूजा ने भी नाराजगी जताई है। सोनम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस बारे में नाराजगी जताई है कि 'मिस्टर इंडिया' का रीमेक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में न तो शेखर कपूर और न ही अनिल कपूर को कोई सूचना दी गई या उनसे सलाह ली गई। सोनम ने यह भी कहा कि उनके लिए यह फिल्म इसलिए खास है क्योंकि इसमें टाइटल रोल उनके पिता ने निभाया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, यह काफी अपमानजनक है और अगर यह सच है तो किसी ने भी मेरे पिता या शेखर अंकल से पूछने की जहमत भी नहीं उठाई जिन्होंने इस फिल्म को पूरे दिल और कड़ी मेहनत से बनाया था। बता दें कि इससे पहले शेखर कपूर ने ट्वीट कर कहा था, 'किसी ने भी न तो मुझे बताया और न ही मुझसे 'मिस्टर इंडिया 2' के बारे में चर्चा की। मैं केवल अंदाजा लगा सकता हूं कि वे इस टाइटल का इस्तेमाल करके वीकेंड पर अच्छी कमाई करना चाहते हैं। इसके लिए वे बिना इजाजत के कहानी या किरदारों का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

# भूतों से नहीं बल्कि इस चीज से डरते हैं विकी कौशल



**विकी** कौशल बॉलिवुड के बेहतरीन ऐक्टर्स में से हैं। वह जिस तरह की फिल्में चुनते हैं उससे उनकी गिनती इंडस्ट्री के वर्सेटाइल ऐक्टर्स में होने लगी है। पिछली कुछ फिल्मों से सबको इम्प्रेस करने के बाद अब वह हॉरर जॉनर में काम करने वाले हैं। उनकी फिल्म 'भूत' रिलीज हो चुकी है और इसे ऑडिएंस और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। विकी हॉरर फिल्मों के शौकीन नहीं हैं और उन्होंने उन फिल्मों पर बात की जिन्हें उन्होंने देखा है। विकी बताते हैं, यह एक बढ़िया सीखने का मौका था क्योंकि जॉनर पूरी तरह से नया था। यह एक ऐसा जॉनर था जिसके लिए मैं तैयार नहीं था। कुछ सीन करना काफी टेक्निकल था खासकर जब हॉन्टेड शिप पर आप अकेले हों। आयुष्मान खुराना की फिल्म 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' से फिल्म के क्लैश पर विकी कौशल ने कहा, हम ऐसे वक्त में रह रहे हैं जब सोलो रिलीज होना असंभव है। साल में 52 सप्ताह होते हैं और बॉलिवुड में बहुत फिल्में बनती हैं। जहां तक आयुष्मान की बात है, वह बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं और मेरी शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

# 'बदलापुर' के 5 साल पूरे, इमोशनल हुईं राधिका आप्टे



**ऐक्शन** थ्रिलर फिल्म 'बदलापुर' को पांच साल पूरे हो गए हैं, ऐसे में फिल्म की ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे भावुक हो गईं। फिल्म के डायरेक्टर श्रीराम राघवन के साथ किए गए काम के पलों को याद करते हुए राधिका आप्टे ने कहा कि मेरे ख्याल से थ्रिलर को लेकर श्रीराम के पास विलक्षण नजरिया है, जैसा किसी के पास नहीं है, मैं जितने लोगों से मिली हूं उनमें वह सिनेमा को लेकर सबसे जुनूनी व्यक्ति हैं। राधिका आप्टे ने आगे कहा कि श्रीराम राघवन कलाकारों पर बहुत भरोसा करते हैं, अगर आप गौर करें तो फिल्म के सबसे छोटे हिस्से को भी वे अच्छे कलाकारों से भरते हैं। मुझे उनके साथ काम करने में सच में मजा आता है। साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'बदलापुर' में राधिका आप्टे के अलावा वरुण धवन, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और विनय पाठक महत्वपूर्ण किरदार में थे। इस फिल्म की और सभी ऐक्टर्स की ऐक्टिंग की तारीफ हुई थी। ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे अब तो फिल्म इंडस्ट्री का जाना-पहचाना चेहरा बन चुकी हैं। फिल्म बदलापुर के समय वह काफी चर्चा में थीं। इसका कारण उनके न्यूड फोटोज थे। हालांकि राधिका आप्टे ने इन फोटोज को मॉर्फ्ड और हमशक्ल का बताया था। इसके अलावा भी फिल्म 'पार्च्ड' में उनके कुछ बोल्ड सीन रिलीज से पहले लीक हो गए थे। उस समय भी वह सुर्खियों में बनी रहीं।